दिनांक : 31.03.2024 समय : 07.10एएम

आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण की छह सीटों पर 88 उम्मीदवार मैदान में, दूसरे चरण की सात सीटों पर अब तक आठ उम्मीदवारों ने परचे भरेनामांकन दाखिल किए
- राष्ट्रपति आज पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न प्रदान करेंगी
- इंदौर, ग्वालियर सहित प्रदेश में मतदाता जागरूकता गतिविधियां तेज हुईं
- प्रदेश में कहीं–कहीं बारिश से तापमान में गिरावट आई

लोकसभा नामांकन

प्रदेश में लोकसभा चुनाव में दूसरे चरण की सात सीटों पर नामांकन पत्र भरे जा रहे हैं। कल सात उम्मीदवारों ने परचे भरे हैं। अब तक कुल आठ उम्मीदवार नामांकन पत्र भर चुके हैं। पहले चरण की 6 सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया पहले पूरी हो चुकी है जहां कुल 88 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। कल नाम वापसी के अंतिम दिन 19 प्रत्याशयों ने नाम वापस ले लिए। राज्य में कुल 29 सीटों पर चार चरणों में मतदान होगा।
*प्रदेश में लोकसभा की 29 में से 25 सीटों पर मुकाबले की तस्वीर लगभग साफ हो गई है। भाजपा ने सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। वहीं, कांग्रेस ने अब तक तीन सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित नहीं किए हैं जबकि एक सीट उसने समाजवादी पार्टी के लिए छोड़ दी है। भाजपा ने 11 सीटों पर नए चेहरों को मौका दिया है जबकि कांग्रेस ने 18 लोकसभा सीटों पर नए उम्मीदवार उतारे हैं। सात लोकसभा क्षेत्र ऐसे भी हैं जहां दोनों पार्टियों के नए उम्मीदवारों के बीच मुकाबला होगा। भारतीय जनता पार्टी ने 6 महिलाओं को टिकट दिया है जबकि कांग्रेस ने अब तक एक महिला को उम्मीदवार बनाया है। प्रदेश में पहले चरण में 6 सीटों पर करीब एक करोड़ 12 लाख वोटर और दूसरे चरण में 7 सीटों पर एक करोड़ तीन लाख से ज्यादा मतदाता अपने प्रत्याशी का चयन करेंगे। वहीं, तीसरे चरण में एक करोड़ 60 लाख मतदाता लोकसभा की 8 सीटों पर मतदान करेंगे जबकि चौथे और अंतिम चरण में भी लोकसभा की 8 सीटों के लिए डेढ़ करोड़ से ज्यादा मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे।*

भारत रत्न

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश का शीर्ष नागरिक पुरस्कार प्रदान करेंगी। भारत रत्न देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। यह सम्मान असाधारण और उल्लेखनीय सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। इससे पहले कल उन्होंने राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन और बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया। अलंकरण समारोह के दौरान, पुरस्कार विजेताओं के परिवारजनों ने पुरस्कार प्राप्त किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत रत्न से सम्मानित किए गए बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर, जाने–माने वैज्ञानिक डॉक्टर एम.एस. स्वावमीनाथन तथा दो पूर्व प्रधानमंत्रियों– चौधरी चरण सिंह और पी.वी. नरसिम्हा राव के योगदान की सराहना की है।

जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज– आकाशवाणी के साथ' नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।
आईये अब सुनते हैं ग्वालियर जिले में प्राथमिक शिक्षक श्रीमती रामसेवी चौहान का संदेश–

मतदाता जागरुकता

इंदौर जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए 2 अप्रैल से 10 मई तक चार चरणों में विषेष अभियान चलाया जाएगा। जिले में व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी (स्वीप) अभियान के प्रमुख एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने बताया कि इस अभियान के तहत मतदाता जागरूकता रैली, रंगोली, मेहंदी, दीवार लेखन सहित अन्य गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। ग्राम पंचायत स्तर पर युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देष्य से प्रत्येक ग्राम में बीएलओं एवं पंचायत सचिव के सहयोग से 50 से 200 युवाओं के लिए चुनावी पाठषाला आयोजित की जाएगी। वहीं गांव के वरिष्ठ मतदाताओं के सम्मेलन और सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे। ग्वालियर जिले में कहीं पर मानव श्रृंखला, कहीं पर शपथ तो कहीं पर मतदाताओं को सम्मानित किया जा रहा है। कल आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा वृद्धजनों को सम्मानित कर उनसे अपने मताधिकार का उपयोग करने का आग्रह किया गया। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता व नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। स्वीप के तहत शनिवार को विधानसभा क्षेत्र भितरवार के अंतर्गत जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था द्वारा ग्राम केरुआ में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान मतदाताओं को शपथ दिलाई गई।

रंगपंचमी

रंगपंचमी का पर्व कल प्रदेशभर में उमंग, उत्साह और परंपरागत तौर पर मनाया गया। इंदौर में रंगपंचमी के अवसर पर आज रंगों से सराबोर विष्व प्रसिध्द गेर का आयोजन किया गया। टोरी कॉर्नर से राजबाड़ा तक निकली इस गेर में लाखों की संख्या में हुरियारे और नागरिक षामिल हुए। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी रथ से रंगों की बौछार कर हुरियारों का उत्साह बढ़ाया। राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के अन्य स्थानों में जहां बडे–बुजुर्ग रंग–गुलाल लगाकर रंगपंचमी मनाई। अशोकनगर के तहसील बहादुरपुर के ग्राम पंचायत जसैया के ग्राम कानीखेडी स्थित करीला धाम माता जानकी मंदिर में रंगपंचमी पर आयोजित होने वाले तीन दिवसीय वार्षिक मेला में लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ मां जानकी माता के दर्शन कर मन्नतें मांगी। विदिशा में नगर के प्रमुख मार्गों से जुलूस निकाला गया। खंडवा सतना और गुना जिले में भी रंगपंचमी का त्यौहार पूरे उत्साह साथ मनाया गया।

वहीं आज ईसाई धर्मावलंबी ईस्टर पर्व मना रहे हैं। गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाएं हो रही हैं और मंगल गीत गाए जा रहे हैं।

मौसम

प्रदेश में कल कुछ स्थानों पर बारिश से तापमान में मामूली गिरावट आई है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के कई हिस्सों में बादल छाये रहने और कहीं–कहीं गरज–चमक के साथ बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने जबलपुर, रीवा, शहडोल संभाग में कहीं कहीं बौछारें पडने और राजगढ, बैतूल, सागर, पन्ना, टीकमगढ, दमोह, छतरपुर जिलों में शुष्क रहने का अनुमान जताया है। अनूपपुर जिले में कल सुबह तेज धूप खिली हुई थी लेकिन शाम होते–होते मौसम ने करवट ली और जिला मुख्यालय स्थाई जिले के कोलांचल क्षेत्र कोतमा जैतहरी और पहाड़ी इलाके अमरकंटक और पुष्पराजगढ़ में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। अचानक हुई बारिश से किसानों को गेहूं की फसल खराब होने का डर सता रहा है अभी कुछ दिन पहले ही हुई ओलावृष्टि और बारिश से जहां आम महुआ कर जैसी वनों पर पूरी तरह नष्ट हो गई थी तो वहीं दूसरी तरफ दलहन और चने की फसलों को भारी नुकसान हुआ था।

समाचार संक्षेप में .....

- भारतीय प्रबंधन संस्थान–आईआईएम इंदौर के 25वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में आईआईएम के सात प्रमुख स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के 802 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी।
- कटनी जिले के सभी विकासखण्डों एवं नगरीय व शहरी क्षेत्रों को तत्काल प्रभाव से 31 जुलाई तक जल आभाव ग्रस्त घोषित कर दिया गया है।
- खंडवा जिले के ग्राम पंचायत भामगढ के गांव मानपुरा में सैकड़ों ग्रामीणों ने मिल जुल कर श्रमदान करने की भीली परंपरा हलमा के तहत सार्वजनिक कुएं का निर्माण किया है।
- शहडोल संसदीय क्षेत्र से लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारों को कलेक्टर आशीष वशिष्ठ द्वारा प्रतीक चिन्हों का आबंटन कर दिया गया है।